दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-
फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शनिवार 29 अप्रैल 2023
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

### हमेशा दिलों में बसे रहेंगे बादल साहब

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

पच्चीस अप्रैल की शाम को जब मुझे सरदार प्रकाश सिंह बादल जी के निधन की खबर मिली तो मन बहुत दुखी हुआ। उनके निधन से मैंने एक पिता तुल्य व्यक्ति खो दिया है, जिन्होंने दशकों तक मेरा मार्गदर्शन किया। एक प्रकार से देखें तो उन्होंने भारत और पंजाब की राजनीति को ऐसा आकार दिया, जो अपने आप में अद्भुत है।

बादल साहब एक बड़े नेता थे, यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे एक बड़े दिल वाले इंसान थे। एक बड़ा नेता बनना आसान है, लेकिन एक बड़े दिल वाला व्यक्ति होने के लिए और भी बहुत कुछ चाहिए। पूरे पंजाब में लोग कहते हैं- बादल साहब की बात अलग थी!'यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत के इतिहास में सरदार प्रकाश सिंह बादल साहब को एक बड़े किसान नेता के रूप में जाना जाएगा। कृषि और किसान उनके दिल में रचे-बसे थे। वे जब भी किसी अवसर पर बोलते थे, उनके भाषण तथ्यों, नवीनतम जानकारियों और ढेर सारे व्यक्तिगत अनुभवों से भरे होते थे।1990 के दशक में जब मैं उत्तरी भारत में पार्टी का काम देखता था, तब मुझे बादल साहब को निकटता से जानने का अवसर मिला। बादल साहब एक लोकप्रिय नेता थे। वे एक राजनीतिक दिग्गज थे जो पंजाब के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और दुनियाभर के करोड़ों पंजाबियों के दिलों पर राज करने वाले व्यक्ति थे। दूसरी ओर, मैं एक साधारण कार्यकर्ता था। फिर भी, अपने स्वभाव के अनुरूप, उन्होंने कभी भी इसे हमारे बीच खाई नहीं बनने दी। वे गर्मजोशी के साथ-साथ संवेदनाओं से भरे एक जीवंत व्यक्तित्व थे। ये ऐसे गुण थे, जो आखिरी सांस तक उनके साथ रहे। हर कोई, जिसने भी बादल साहब के साथ निकटता से बातचीत की, उनकी बुद्धिमत्ता और हंसमुख स्वभाव का कायल हो गया।1990 के मध्य और उत्तरार्ध में पंजाब में राजनीतिक माहौल बहुत अलग था। राज्य ने बहुत उथल-पुथल देखी थी और 1997 में चुनाव होने थे। हमारी पार्टियां एक साथ मिलकर लोगों के पास गईं और बादल साहब हमारे नेता थे। उनकी लोकप्रियता और जनता का विश्वास एक प्रमुख कारण था कि लोगों ने हमें शानदार जीत का आशीर्वाद दिया। इतना ही नहीं, हमारे गठबंधन ने चंडीगढ़ में नगरपालिका चुनाव और शहर में लोकसभा सीट भी सफलतापूर्वक जीती। ये उनके नेतृत्व का ही प्रभाव था कि हमारा गठबंधन 1997 से 2017 के बीच 15 साल तक राज्य की सेवा करता रहा।एक किस्सा है, जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता। मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने के बाद एक दिन बादल साहब ने मुझसे कहा कि हम अमृतसर जाएंगे, मत्था टेकेंगे और साथ में लंगर छकेंगे।

# यूएई के अनुरोध पर की गई है सोने के आयात की शर्तों में ढ़ील : वाणिज्य विभाग



**नई दिल्ली ।** सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (भारत-यूएई सेपा) के तहत वहां से सोने के आयात पर शुल्क संबंधी व्यवस्था में किए गए संशोधन को वहां के अधिकारियों के प्रस्ताव पर किया गया फैसला बताते हुए ऐसी खबरों को खरिज किया कि यह निर्णय किसी को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है और इसमें पूरी पारदर्शिता बरती गयी है।

समझौते के तहत पहले केवल आभूषण निर्माताओं को यूएई से एक प्रतिशत के रियायती शुल्क पर इस कोटे के अंतर्गत सोना आयात करने की छूट थी। इसे अब अन्य ग्राहकों के लिए भी खोल दिया गया है। समझौते के तहत पांच साल में कोटा अधिकतम 200 टन से अधिक नहीं हो सकता।

इस विषय में मीडिया के एक हलके में प्रकाशित रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण देते हुए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अधिकारियों ने बताया कि यूएई के साथ व्यापार समझौते के तहत वहां से भारत में सोने के आयात के लिए पात्रता मानदंड में संशोधन के लिए 17 अप्रैल 2023 को जारी सार्वजनिक सूचना (डीओआर (राजस्व विभाग) की अधिसूचना के आधार पर) के बाद 27 अप्रैल को आयोजित ईएफसी ( एक्जिम सुविधा समिति) की बैठक में, यह निर्णय लिया गया है कि वहां से सोने के आयात की टैरिफ दर कोटा व्यवस्था ( टीआरक्यू ) के लिए नए आवेदन आमंत्रित करने के लिए एक नई विंडो (व्यवस्था) होगी संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार सभी आवेदकों (पुराने और नए) को सोने का टीआरक्यू आवंटित किया जाएगा।

डीजीएफटी की ओर से कहा गया है, 'यह आवेदन प्रक्रिया आवेदकों के एक समूह या वर्ग को भौतिक रूप से लाभान्वित करने वाली नहीं है।'

सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत-यूएई व्यापार समझौता पिछले साल पहली मई को लागू हुआ। इसके तहत यूएई ने भारत से मूल्य के हिसाब से आयात होने वाले 99 प्रतिशत वस्तुओं और प्रकार के हिसाब से 97 प्रतिशत वस्तुओं पर पर भारत को शुल्क में रियायतों की पेशकश की।

भारत में यूएई से टीआरक्यू के तहत सोने के उदार आयात के बदले में भारत से सोने के आभूषणों को तत्काल शून्य शुल्क बाजार में प्रवेश देने की पेशकश की थी। (यूएई में सोने के आभूषण पर वर्तमान शुल्क दर 5त्न है) ।

विदेश व्यापार विभाग के अनुसार समझौते के तहत 2022-23 में टीआरक्यू के तहत वहां से सोने के आयात का कोटा 110 टन था जिसे 2023-24 में 140 टन किया गया है और 5 वर्षों में धीरे-धीरे यह कोटा अधिकतम 200 टन तक जा सकता है। इस कोटे के तहत अयातित सोने पर शुल्क रियायत के तौर पर केवल 1प्रतिशत रखी गयी है।

अधिकारियों ने कहा कि इस दर पर टीआरक्यू के कारण किसी भी राजस्व हानि का आरोपण औचित्य हीन है।

डीजीएफटी की ओर से बताया गया कि 2022-23 में 11 महीने की अवधि दौरान, आवंटित 110 टन टीआरक्यू में से केवल 8.1 टन सोने का आयात किया गया था।

अधिकारियों ने कहा कि यूएई की ओर से टीआरक्यू के तहत निर्धाति स्वर्ण अयात के कोटे को केवल आभूषण विनिर्मातओं तक सीमित रखने की पाबंदी हटाए जाने का अनुरोध किया था। उनका अनुरोध था कि सभी आयातकों को सोने की टीआरक्यू प्राप्त करने की अनुमति दी जाए।

अधिकारियों ने कहा कि भारत और यूएई के बीच मजबूत व्यापार साझेदारी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त अरब अमीरात के साथ-साथ व्यापार समझौते की भावना को बनाए रखने के लिए इस मामले पर विचार किया गया था और आभूषण निर्माता मानदंड को हटाते हुए अधिसूचना दिनांक 1.03.2023 जारी की गई थी।

डीजीएफटी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए टीआरक्यू के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इसके लिए सार्वजनिक सूचना -दिनांक 29.12.2022 के तहत 28.02.2023 तक आवेदन किए जा सकते थे। इस पर 78 आवेदन प्राप्त हुए थे और इस पर ईएफसी की एक प्रारंभिक बैठक 23 मार्च को हुई थी और उस समय लागू दिशानिर्देशों/शर्तों के अधीन अनंतिम रूप से टीआरक्यू का आवंटन करने का निर्णय किया गया था ।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि टैरिफ शीर्ष 7108 के अंतर्गत आयात के लिए आज की तारीख में भी कोई टीआरक्यू जारी नहीं किया गया है।

## आईपीएल 2023 के बीच एसआरएच को सुंदर झटका, वॉशिंगटन पूरे टूर्नामेंट से हुए आउट

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 प्वॉइंट्स टेबल में 9वें नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद टीम को एक और बड़ा झटका लग गया है। टीम के स्टार ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते सीजन के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने इसकी आधिकारिक घोषणा की, हालांकि उनके रिप्लेसमेंट को लेकर फिलहाल कोई ऐलान नहीं किया गया है। बता दें कि सनराइजर्स हैदराबाद ने इस सीजन में कुल सात मैच खेले हैं, जिसमें से महज दो मैचों में उन्हें जीत मिली है। चार प्वॉइंट्स के साथ सनराइजर्स हैदराबाद प्वॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर 9वें पायदान पर है। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 7 रनों से हराया था। पहले 6 मैचों में वॉशिंगटन सुंदर ने एक भी विकेट नहीं लिया था, लेकिन इसके बाद पिछले मैच में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 3 विकेट चटकाए थे। वॉशिंगटन सुंदर ने आईपीएल में अभी तक कुल 58 मैच खेले हैं और इस दौरान उन्होंने कुल 378 रन बनाए हैं और 36 विकेट लिए हैं।

# गेहूं, चावल की खरीद सहज स्तर पर : केंद्र



**नई दिल्ली।** रबी मार्केटिंग सीजन 2023-24 के दौरान गेहूं की खरीद सीजन की कुल खरीद से अधिक हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। 26 अप्रैल 2023 तक 2023-24 सीजन के दौरान गेहूं की खरीद 195 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) थी, जबकि 2022-23 में खरीद 188 एलएमटी थी।

सूत्रों ने कहा कि इससे किसानों को काफी हद तक फायदा हुआ है, क्योंकि चल रहे गेहूं खरीद कार्यो के दौरान लगभग 41,148 करोड़ रुपये का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पहले ही लगभग 15 लाख किसानों को दिया जा चुका है।

विशेष रूप से खरीद में प्रमुख योगदान पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश के तीन गेहूं खरीद राज्यों से क्रमशः 89.79 एलएमटी, 54.26 एलएमटी और 49.47 एलएमटी की खरीद के साथ आता है।

इस वर्ष प्रगतिशील खरीद में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में से एक है।

सूत्रों ने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण चमक में कमी को देखते हुए खरीदे जा रहे गेहूं की गुणवत्ता विनिर्देशों में केंद्र द्वारा छूट दिया जाना। सूत्रों ने कहा कि इससे किसानों की मुश्किलें कम होंगी और किसी तरह की संकटकालीन बिक्री पर रोक लगेगी।

चावल की खरीद में भी अच्छी प्रगति हुई है, क्योंकि 2022-23 के खरीफ विपणन सीजन के दौरान 26 अप्रैल तक 354 एलएमटी की खरीद की जा चुकी है और 140 एलएमटी की खरीद अभी बाकी है।

इसके अलावा, खरीफ विपणन सीजन 2022-23 की रबी फसल के दौरान 106 एलएमटी चावल की खरीद का अनुमान है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सेंट्रल पूल में गेहूं और चावल का संयुक्त स्टॉक 510 एलएमटी को पार कर गया है, जो देश को खाद्यान्न की जरूरतें पूरी करने के लिए सहज स्थिति में रखता है।

# नेपाल में 9.68 अरब रुपए का अतिरिक्त निवेश करेगा डाबर

**काठमांडू।** भारत की तेजी से बढ़ती उपभोक्ता सामान कंपनी डाबर ने नेपाल में 9.68 अरब रुपये का अतिरिक्त निवेश करने का फैसला किया है। निवेश बोर्ड नेपाल और डाबर नेपाल प्राइवेट लिमिटेड ने निजी निवेश अवधारणा के तहत क्षमता निर्माण और उत्पाद विविधीकरण परियोजनाओं के निर्माण, संचालन और प्रबंधन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

हालांकि निवेश बोर्ड नेपाल ने पिछले साल फरवरी में डाबर द्वारा अतिरिक्त निवेश को मंजूरी दे दी थी, लेकिन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इन्वेस्टमेंट बोर्ड नेपाल के सीईओ सुशील भट्ट और डाबर नेपाल के बिजनेस हेड हरकीरत सिंह बेदी ने संबंधित पक्षों की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

हस्ताक्षर समारोह के बाद जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, नेपाल के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री रमेश रिजाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी ने कोविड महामारी के प्रकोप से पहले नेपाल में अतिरिक्त निवेश करने की मांग की थी, लेकिन नेपाल और भारत में लंबे समय तक कोविड की लहर के कारण इसे लंबित रखा गया था।

प्रस्ताव के अनुसार, नेपाल में विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ, सौंदर्य और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों का उत्पादन करने वाली डाबर नेपाल अपनी क्षमता वृद्धि और विविधीकरण को बढ़ाएगी।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद बेदी ने क्षमता वृद्धि और उत्पादों के विविधीकरण के लिए नेपाल में कंपनी की संचित पूंजी का एक हिस्सा निवेश करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

निवेश बोर्ड नेपाल नेपाल सरकार का विशेष वाहन है, जिसके पास देश में 6 अरब रुपये से अधिक के किसी भी निवेश को मंजूरी देने और सुविधा प्रदान करने का अधिकार है।

इस नियम के अनुसार, डाबर नेपाल ने निवेश बोर्ड से अनुमति ली थी।

## हमारे एथलीटों को सड़कों पर देखकर दुख होता है, नीरज चोपड़ा और कपिल देव ने पहलवानों के लिए मांगा न्याय

**नई दिल्ली।** बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित भारत के शीर्ष पहलवानों ने 3 महीने बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपना आंदोलन फिर से शुरू कर दिया। उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन उत्पीडऩ के आरोप की जांच के लिए एक निरीक्षण समिति के गठन के बाद अपना धरना समाप्त किया था। प्रदर्शनकारी पहलवान 23 दिसंबर को जंतर-मंतर लौट आए और डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ लगे गंभीर आरोपों पर चर्चा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से समय मांगा।

आपको बता दें कि बृजभूषण शरण सिंह कैसरगंज से भाजपा के सांसद भी हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई चल रही है, जहां पहलवानों ने ड्ढस्नढ्ढ चीफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर याचिका दायर की है।

ओलंपिक के ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में भारत के एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने भी अब पहलवानों का समर्थन किया है। अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए नीरज चोपड़ा ने लिखा कि अपने एथलीटों को न्याय की मांग करते हुए सडक़ों पर देखकर मुझे दुख होता है। उन्होंने हमारे महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने और हमें गौरवान्वित करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

स्टार जैवलिन थ्रोअर ने आगे लिखा कि एक राष्ट्र के रूप में, हम प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह एथलीट हो या कोई आम नागरिक, उसकी गरिमा की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। जो हो रहा है वह कभी नहीं होना चाहिए। यह एक संवेदनशील मुद्दा है और इससे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटा जाना चाहिए। न्याय सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। भारत के विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान कपिल देव ने भी पहलवानों का समर्थन करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर बजरंग और विनेश सहित अन्य पहलवानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस की स्टोरी पोस्ट करते हुए लिखा कि क्या उन्हें कभी न्याय मिलेगा?

## फाइटर के क्लाइमैक्स के लिए 120 घंटे की शूटिंग करेंगे ऋतिक रोशन, अगले साल गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी फिल्म



बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन अपनी आने वाली फिल्म फाइटर के क्लाइमैक्स के लिए 120 घंटे की शूटिंग करेंगे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। चर्चा है कि फिल्म फाइटर का क्लाइमैक्स करीब 120 घंटे तक शूट किया जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म फाइटर में क्लाइमैक्स सीन करीब 25 मिनट का होगा और इसके लिए मेकर्स ने हाई लेवल की प्लानिंग कर रखी है। फाइटर को भारत में पहली एरियल एक्शन फ्रैंचाइजी माना जा रहा है। फाइटर का क्लाइमैक्स फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण होने वाला है। इसी को देखते हुए सिद्धार्थ और उनकी एक्शन टीम ने एक लार्जर दैन लाइफ शूटिंग की योजना बनाई है।

फिलहाल फिल्म की शूटिंग मुंबई में चल रही है और अगले दो महीनों में इसकी फोटोग्राफी पूरी कर ली जाएगी। फिर वीएफएक्स प्रोसेस शुरू होगी। निर्माताओं ने वीएफएक्स के लिए ऑस्कर विजेता टीम डीएनईजी को रखा है। फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी।

## 2023 में छाई आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी', बधाई दो' का भी रहा बोलबाला



68वें फिल्मफेयर अवॉड्र्स में राजकुमार राव को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया है। 68वें फिल्मफेयर अवॉड्र्स में राजकुमार राव को बधाई दो के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता जबकि आलिया भट्ट को फिल्म गंगूबाई काठयिावाड़ी के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। सलमान खान ने फिल्म फेयर अवार्ड शो को आयुष्मान खुराना और मनीष पॉल के साथ होस्ट किया। इस बार फिल्मफेयर अवॉर्ड में गंगूबाई काठियावाड़ी' और बधाई दो' का बोलबाला रहा।

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार संजय लीला भंसाली को फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिये दिया गया। अनिल कपूर को जुगजुग जियो के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और बेस्ट एक्टर सपोर्टिंग रोल (फीमेल), शीबा चड्ढा को (बधाई दो) के लिये मिला।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी। बु?द्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा।

***बृषभ-*** आज घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्?य की चिंता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

***मिथुन -*** आज संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी। दूसरों के कार्य में दखल न दें।

***कर्क-*** आज लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद न करें। बेचैनी रहेगी।

***सिंह -*** आज धन का नुकसान या कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कुसंगति से बचें, हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

***कन्या -*** आज मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है। प्रसन्नता रहेगी।

***तुला -*** आज दूर से अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

***वृश्चिक-*** आज शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। निवेश में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

***धनु-*** आज यात्रा में जल्दबाजी न करें, नुकसान संभव है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी।

***मकर -*** आज कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। रुका हुआ धन मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी अपने के व्यवहार से दुःख होगा।

***कुंभ -*** आज प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

***मीन -***आज धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रसन्नता रहेगी।

## टेस्टी 'मूंग दाल वफल'



**सामग्री :**

मूंग दाल, हरी मिर्च, लहसुन, सूजी या चावल का आटा, हरी या बैंगनी पत्ता गोभी, गाजर, धनिया और इच्छानुसार पालक, शिमला मिर्च और प्याज।

**विधि :**

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर मौजूद मशहूर शेफ मेघना ने अपने आधिकारिक पेज पर मूंग दाल के वफल्स बनाने का वीडियो अपलोड किया है। बेहद पौष्टिक, प्रोटीन से भरपूर और कई सारी सब्जियों वाले ये वफल्स ना केवल बच्चे बल्कि सभी को पसंद आएंगे। इन्हें चाहे ऐसी ही खाएं या फिर चटनी के साथ। और इन्हें बनाने के लिए अगर आपके पास वफल मशीन नहीं है तो आप चिल्ला भी बना सकते हैं। यह नाश्ते में या डिनर में भी लिया जा सकता है।

सबसे पहले एक मिक्सर जार में एक कप भीगी हुई साबुत मूंग दाल डाल देंगे और फिर हरी मिर्च, लहसुन, थोड़ा सा पानी डालकर इसे पीस लेंगे। ध्यान रखें कि इसका ज्यादा गीला बैटर नहीं बनाना है। फिर इसमें एक चौथाई कप सूजी या चावल का आटा या बेसन का इस्तेमाल कर सकते हैं। (चाहे तो एक चौथाई कप भीगे हुए चावल भी मूंग के साथ पीसते वक्त मिला सकते हैं।) इसे बैटर में अच्छी तरह मिलाकर करीब 20 मिनट के लिए छोड़ देंगे। अब इसे हाथों से अच्छी तरह फेट लेंगे और इसे हल्का कर लेंगे।

अब इसमें स्वादानुसार नमक मिलाएंगे, फिर हरी और बैंगनी पत्ता गोभी, गाजर और धनिया और चाहें तो पालक भी मिला लें। फिर थोड़ा प्याज और शिमला मिर्च मिलाकर बैटर को अच्छी तरह मिलाएंगे।

अब वफल प्लेट पर तेल या मक्खन लगा देंगे और अगर आपके पास वफल मशीन नहीं है तो आप इसका चिल्ला भी बना सकते हैं। ध्यान रखें कि इसे मशीन में बहुत ज्यादा नहीं भरना है, वर्ना मशीन बंद करते ही यह बाहर फैल जाएगा। टाइमर खत्म होने पर इसे वायर हेड पर निकाल कर रख देंगे, ताकि यह क्रिस्पी बने रहें। आप चाहे तो इसे हरी चटनी या अन्य किसी चीज के साथ भी खा सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 48

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |